भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-197

उत्तर देने की तारीख-22/07/2024

केंद्रीय विद्यालय (केवी) और जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) में रिक्त पद

†197**. श्री चमाला किरण रेड्डी:**

श्री अमरा रामः

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केन्द्रीय विद्यालयों और जवाहर नवोदय विद्यालयों में कुल कितने स्वीकृत रिक्त पद हैं;

(ख) क्या यह सच है कि केन्द्रीय विद्यालय (केवी) और जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) में 30 प्रतिशत पद रिक्त हैं;

(ग) यदि हां, तो इन पदों को भरने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने हैं;

(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान रिक्त पदों और की गई भर्तियों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) केन्द्रीय विद्यालयों में शिक्षकों और गैर-शिक्षण पदों की संख्या कितनी है; और

(च) इन पदों को कब तक भरे जाने की संभावना है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जयंत चौधरी)

(क) से (च) केंद्रीय विद्यालय संगठन (के.वि.सं.) और नवोदय विद्यालय समिति (न.वि.स.) द्वारा पदोन्नति, त्यागपत्र, सेवानिवृत्ति, मृत्यु आदि के साथ-साथ नए विषयों के उन्नयन/स्वीकृति और छात्रों की संख्या में वृद्धि के कारण होने वाली रिक्तियों पर विचार करके मानदंडों के अनुसार रिक्तियों का मूल्यांकन किया जाता है। रिक्तियों के आकलन के अनुसार केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति द्वारा शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती के लिए केंद्रीकृत अधिसूचना जारी की जाती है। केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति में संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया केंद्रीय रूप से की जाती है।

केविसं और नविस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 31.03.2024 तक की स्थिति के अनुसार, शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों के क्रमशः 56783 और 24254 स्वीकृत पदों की तुलना में के.वि.सं. में कुल 6653 रिक्तियां और न.वि.स. में 4675 रिक्तियां हैं।

रिक्तियों का भरा जाना एक सतत प्रक्रिया है और प्रासंगिक भर्ती नियमों के प्रावधानों के अनुसार रिक्तियों को भरने का प्रयास किया जाता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया बाधित न हो, केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति द्वारा अस्थायी अवधि के लिए शिक्षकों को अनुबंध के आधार पर भी नियुक्त किया जाता है।

केंद्रीय विद्यालय संगठन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोविड-19 महामारी के कारण, पिछले पांच वर्षों के दौरान के.वि.सं. द्वारा केवल 2023 में शिक्षण और गैर-शिक्षण रिक्त पदों के लिए भर्ती अभियान चलाया गया था और सीधी भर्ती के तहत 13000 नियुक्ति प्रस्ताव किए गए थे और मार्च, 2024 तक सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (एलडीसीई) के तहत 2914 नियुक्ति प्रस्ताव दिए गए थे। इसके अतिरिक्त, न.वि.स. द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिछले पांच वर्षों के दौरान रिक्तियों की तुलना में न.वि.स. द्वारा वर्ष 2019-20 में 2656 शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों, वर्ष 2021-22 में 1925 गैर-शिक्षण पदों और वर्ष 2022-23 में 2200 शिक्षण पदों पर भर्ती की गई थी।

*****